JAMNALAL BAJAJ FOUNDATION

**HASMUKH BABBUBHAI PATEL**
**Recipient of the Award for Constructive Work - 2025**
Born: June 1, 1953

**The Beginning:** A person is considered special when he renounces power, capability, influence, position, or prestige, and accepts walking on the unknown and uncertain path of public welfare. Such people are like the salt of the earth. They fill the lives of others with happiness and peace. They remain ever ready to accept unexpected calls to serve. Hasmukh Patel is one such remarkable activist dedicated to rural upliftment.

There must have been such elements in his very DNA that, at the young age of twenty, he decided to leave home, stand on his own feet, and dedicate his life to social upliftment. Hasmukh Patel was influenced by eminent personalities like Vidushi Vimalatai, Ravishankar Maharaj, Jayaprakash Narayan, Babalbhai Mehta, Jugatram Dave, and was drawn into movements such as the Total Revolution, eventually becoming one of JP's prominent youth activists. What began as a feeling took form in the field of action. During the Emergency, he and his wife Dr. Mandaben were imprisoned for one year under the MISA Act. After their release, as Dr. Mandaben pledged to shoulder worldly responsibilities, Hasmukh Patel dedicated himself to activism. In the 1980s, under the guidance of Gandhian Chief Minister Babubhai Patel and Sarvodaya leader Chunibhai Vaidya, he played a vital role in Narmada rehabilitation. From then on, youth and marginalized communities became his primary focus groups.

**Building People's Power:** Hasmukh Patel also contributed actively to youth activities in India and abroad. He participated in camps, workshops, and training programs to spread and deepen the understanding of Gandhian thought. Alongside, he took the lead in movements to resolve farmers' problems. This journey compelled him to confront the government and the system head-on, which is why he kept his focus on building people's power. He also worked closely with those on the margins -the poor, the hungry, the deprived, the superstitious, and the sick - yet he lived in the hearts of the joyful tribals. Hasmukh Patel understood that government schemes could provide relief but could never build true people's power. Therefore, he redirected his efforts through the M.G. Patel Sarvodaya Kendra, Amirgarh. In the beginning, he was engaged in Khadi work, Sarvodaya schemes, Nai Talim based education. In the 450 villages of Vav-Tharad-Amirgarh, where the people were backward, uneducated, and poverty-stricken, for whom the Sun of Swaraj had not yet risen, it was a celebration for them to get a full meal. Otherwise, alcohol was the only alternative. In places where revenge and retaliation were the traditions for self-satisfaction, Hasmukh Patel turned towards the tribal area of Virampur. He embraced Tagore's belief that God resides in the last person, making it his own conviction. Under the umbrella of his institution, Samvedana-Sarvodaya Kendra, Hasmukh Patel set the upliftment of all people, as his mission. This path was not only thorny, but also an austerity with little prestige, daily challenges, dependence on the system, and the demand to remain vigilant 24/7 - despite these it became his chosen way of life. Hasmukh Patel is engaged in this work for over four decades.

**Impactful Work:** In this region, one woman used to have an average of 12 children, the main reason was poverty and backwardness. Through family planning educational and motivational camps, he significantly reduced this rate. People living amidst deprivation take refuge in alcohol. 4,000 individuals bound by habits, beliefs, and customs have been freed from this evil. As a result, the region saves about 70 lakh rupees annually. Earlier, in this region vengeance meant repaying death with death. By winning people's hearts, Hasmukh Patel succeeded in reducing violent clashes rooted in such traditions (known as Chadotaru). Even today, thanks to the active role of Samvedana Sarvodaya Kendra, the Viramapur region stands as a living example of communal harmony.

To enhance the income of tribals living on small landholdings, Samvedana promoted organic farming, built 125 check dams, plugged drains, deepened wells, encouraged participatory approaches to rural development, empowered village organizations, ensured purposeful use of natural resources, and brought 6,000 hectares of land

under irrigation - thereby increasing the incomes of poor families. The Trust remains active in ensuring that maximum tribals benefit from the Forest Rights Act.

Beyond tribal areas, in the border region adjoining Pakistan, a watershed development activity was carried out in 70 villages covering 30,000 hectares land. Through self-help groups, low-cost toilets, handicrafts, and other activities, 1,000 rural women gained self-employment through the Vav center which also spearheaded many extensive drought relief and mitigation activities.

Disaster relief work undertaken during the Kutch earthquake was accomplished without any government assistance, relying solely on donors. Many of Hasmukh Patel's initiatives which involves well-wishers, NGOs and donor organizations like the American Red Cross, Sir Ratan Tata Trust, NABARD, and UNICEF helped carry out various activities for the development of different communities in Banaskantha, with active public participation.

**Highlights:**

Behind all these activities, efforts, and struggles lies his guiding motto: "Why curse the darkness? It is better to light a lamp." He says, "The balance sheet of the Trust may seem small in numbers, but the balance sheet of emotions in our hearts is enormous."

He worked for economic self-reliance, free diagnosis, treatment, and eradication of diseases (serving nearly 2,00,000 patients), while also kindling the flame of education—bringing the light of education to around 15,000 children. Through his Trust, Nai Talim based on free education is imparted to poor children with free meals and clothing.

Hasmukh Patel's mission also includes keeping loved ones happy, bringing the glow of contentment into the eyes of the poor, making their lives worthy of humanity, effectively reducing their burdens and helplessness, and becoming a bridge through donors and institutions to reach the needy.

**Awards & Recognitions:**
Ashok Gondiya Award
Anil Shah Rural Development Award
Gram Punarutthan Award
Gram Seva Award
Gandhian Karmashil Award, USA 2003: SIDBI Best Enterprises Development Service

**Contact details:**
Hasmukh Babubhai Patel
Founder Trustee
Samvedana Trust
76, Sankarbharti Society
Near Ankur Cross Road
Naranpura, Ahmedabad – 380013
Gujarat, India
M: +919427303760
E: shramikseva@yahoo.com
W: www.samvedana.net

BAJAJ BEYOND
JAMNALAL BAJAJ FOUNDATION

# हसमुख बाबूभाई पटेल
# रचनात्मक कार्य के लिए पुरस्कार प्राप्तकर्ता–2025

जन्म: जुन 1, 1953

जब कोई व्यक्ति सत्ता, योग्यता, संपर्क और पद या प्रतिष्ठा का त्याग करके जन–उत्थान के अज्ञात, अनिश्चित मार्ग पर चलना स्वीकार करता है तो उसे विशेष माना जाता है. ऐसे लोग धरती के नमक के समान होते हैं. वे दूसरों के जीवन में सुख और शांति भरते पाए जाते हैं. वे ऐसे कार्य करने के लिए अप्रत्याशित आह्वान को स्वीकार करने के लिए तत्पर रहते हैं. हसमुख़ पटेल ग्रामीण उत्थान के ऐसे ही एक उल्लेखनीय कार्यकर्ता हैं.

उनके डीएनए में ऐसे तत्व अवश्य रहे होंगे, इसलिए उन्होंने बीस वर्ष की आयु में घर छोड़ने, अपने पैरों पर खड़े होने और सामाजिक उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने का निर्णय लिया. विदुषी विमलाताई, रविशंकर महाराज, जयप्रकाश नारायण, बबलभाई मेहता, जुगतराम दवे आदि महापुरुषों से प्रभावित हुए तथा संपूर्ण क्रांति जैसे आन्दोलनों से जुड़ने का ऐसा योग बना कि वे जेपी के प्रमुख युवा कार्यकर्ताओं में से एक बन गए. अध्ययन, वाचन और सत्संग के परिणामस्वरूप, उनमें एक स्थिर समझ थी, इसलिए हसमुख़ पटेल जेपी आंदोलन में शामिल हो गए. जो भावनाओं के रूप में था वह कार्य क्षेत्र में प्रत्यक्ष हो गया. आपातकाल के दौरान उन्हें और उनकी पत्नी डॉ. मंदा बहन को मिसा कानून अंतर्गत एक वर्ष के लिए जेल में रखा गया था. जेल से बाहर निकलने के बाद दोनों ने परस्पर समझौता किया और डॉ. मंदा बहन ने पूरा समय सांसारिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प किया और उन्होंने हसमुख़ पटेल को पूर्ण समय के लिए कार्यकर्ता बनने की स्वतंत्रता दी. अस्सी के दशक में उन्होंने गांधीवादी मुख्यमंत्री बाबूभाई पटेल और सर्वोदय अग्रणी चुनीभाई वैद्य के मार्गदर्शन में नर्मदा पुनर्वास का महत्वपूर्ण कार्य किया, तभी से युवा और हाशिए के लोग उनके लक्ष्य समूह बन गए.

उन्होंने देश और विदेश में युवा गतिविधियों में सक्रिय योगदान भी दिया. उन्होंने गांधी विचारों के प्रसार और समझ के लिए शिविरों, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया. साथ ही, उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई. यह एक ऐसा सफर था जिसमें उन्हें कठोरता से सरकार और व्यवस्था से जूझना पड़ा. इसीलिए उन्होंने अपना पूरा ध्यान जनशक्ति निर्माण पर केंद्रित रखा. साथ ही, उन लोगों से भी जुड़े जो हाशिए पर पड़े – गरीब, भूखे और वंचित, अंधविश्वासी और रोगग्रस्त थे, फिर भी खुशमिजाज आदिवासियों के दिलों में बसते थे. हसमुख़ पटेल समझ चुके थे कि सरकारी योजनाएँ राहत तो दे सकती हैं, लेकिन जनशक्ति का निर्माण नहीं कर सकतीं. इसीलिए उन्होंने एम. जी. पटेल सर्वोदय केंद्र अमीरगढ़ के माध्यम से अपनी दिशा बदल ली. शुरुआत में वे खादी कार्य, सर्वोदय योजना, नई तालीम आधारित शिक्षा में सक्रिय रहे. इसके साथ–साथ वाव–थराद–अमीरगढ़ के 450 गाँवों में पिछड़े, अशिक्षित और गरीबी से त्रस्त लोग – जिनके लिए स्वराज का सूरज नहीं उगा था, गरीबी ऐसी थी कि भरपेट भोजन मिलना ही एक उत्सव था। अन्यथा, विकल्प शराब ही था. आत्मसन्तुष्टि के लिए जहाँ प्रतिशोध और प्रतिहिंसा की परंपरा प्रचलित थी, हसमुख़ पटेल ने ऐसे आदिवासी क्षेत्र विरामपुर का रुख किया और रवींद्रनाथ की मान्यता ईश्वर के चरण अंतिम व्यक्ति में भी निवास करते हैं, ये उनका भी विश्वास बन गया. अपनी संस्था संवेदना– सर्वोदय केंद्र की छत्रछाया में, सभी प्रकार के लोगों का उत्थान उनका लक्ष्य बन गया.

यह मार्ग न केवल कंटीला था, बल्कि तपस्या का भी था. यहाँ प्रतिष्ठा कम थी, प्रश्न प्रतिदिन थे, व्यवस्था पराश्रित और 24 घंटे सजग रहना पड़ता था, यह सब हसमुख़ पटेल की पसंदगी बन गयी. वे चार दशकों से इस कार्य में लगे हुए हैं.

इस क्षेत्र में, एक महिला के औसतन 12 बच्चे होते थे; गरीबी और पिछड़ापन इसका कारण था. परिवार नियोजन पर शिक्षा शिविरों के माध्यम से, उन्होंने इस दर को काफ़ी कम कर दिया है. अभावों में जी रहे लोग खुद को भुलाने के लिए शराब का सहारा लेते थे; आदतों, दृष्टिकोणों और मान्यताओं से बंधे 4000 हज़ार लोग इस बुराई से मुक्त हुए हैं. इसके कारण इस क्षेत्र में सालाना लगभग 70 लाख धनराशि की बचत हो पाई है. इस क्षेत्र में, मौत का बदला मौत ही होता था. यह बदला लेने की व्यवस्था (चड़ोतरु) में विश्वास के साथ दिल जीतकर, हसमुख़ पटेल हिंसा के मामलों को कम करने में सक्षम हुए हैं. आज भी संवेदना सर्वोदय केंद्र की सक्रिय भूमिका की वजह से विरामपुर क्षेत्र सर्वधर्म समभाव का जीवंत उदाहरण है.

छोटे–छोटे भूखंडों पर रहने वाले आदिवासियों की आय बढ़ाने के लिए, 'संवेदना' ने जैविक खेती, 125 चेकडैम, नालों की मरम्मत, कुओं का गहरीकरण, ग्रामीण विकास में सहभागी दृष्टिकोण, ग्राम संगठनों का सशक्तिकरण, प्राकृतिक संसाधनों का अधिक उद्देश्यपूर्ण उपयोग और 6000 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के दायरे में लाकर गरीब परिवारों की आय बढाने में महत्वपूर्ण

भूमिका निभाई है. संवेदना ट्रस्ट यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय है **जिससे** वन अधिकार अधिनियम का लाभ अधिकतम आदिवासियों तक पहुँचे.

आदिवासी क्षेत्रों के अलावा, पाकिस्तान सीमा से जुड़े सीमावर्ती क्षेत्र (30,000 हेक्टेयर) के 70 गाँवों में वाटरशेड विकास का अभियान चलाया गया. साथ ही, स्वयं सहायता समूहों, सुलभ शौचालयों, हस्तशिल्प के माध्यम से 1000 ग्रामीण महिलाओं को स्व-रोज़गार, और सूखा राहत के कई व्यापक कार्य उनके द्वारा वाव केंद्र के माध्यम से किए गए हैं.

कच्छ में आए भूकंप के दौरान प्राकृतिक आपदा निवारण कार्य किए गए, जिसमें चार गाँवों में 400 गरीबों और मज़दूरों के लिए आवास, पाठशाला और सामुदायिक भवन बनाए गए. कच्छ में ये सभी कार्य किसी सरकारी सहायता के बिना केवल दानदाताओं के माध्यम से किए गए थे.

उनके अधिकांश कार्यों में स्वयंसेवी संस्थाएँ, दानदाता, शुभचिंतक शामिल हैं. संवेदना सर्वोदय ने अमेरिकन रेड क्रॉस, सर रतन टाटा ट्रस्ट, नाबार्ड, युनिसेफ जैसी संस्थाओं के साथ मिलकर लोक भागीदारी से बनासकांठा जिले में अनेक वैविध्यपूर्ण विकास कार्य किए हैं.

इन सभी गतिविधियों, कार्यों, प्रयासों और संघर्षों के पीछे हसमुख पटेल का आदर्श वाक्य है: अंधकार को क्यों धिक्कारें, अच्छा है एक दीप जला लें. वे कहते हैं, 'ट्रस्ट की बैलेंस शीट का आकार गणना के लिहाज़ से भले ही छोटा लगे, लेकिन हमारे दिलों में बसी भावनाओं की बैलेंस शीट बहुत बड़ी है.'

आर्थिक आत्मनिर्भरता, रोगों का निशुल्क निदान, उपचार और उन्मूलन (लगभग 2 लाख मरीजों) के साथ साथ, शिक्षा की नई ज्योति जलाई और लगभग 15000 बच्चों को शिक्षा का प्रकाश प्राप्त हुआ. यहाँ, वस्त्र, नई तालीम आधारित निशुल्क शिक्षा, निशुल्क भोजन आदि का संयोजन उनके ट्रस्ट 'संवेदना' द्वारा किया जाता है.

साथ साथ अपने प्रियजनों को प्रसन्न रखना, गरीबों की आँखों में संतोष की चमक लाना, उनके जीवन को मानवता के योग्य बनाना, उनके बोझ और लाचारी को कम करने में प्रभावी होना, दानदाताओं और संस्थाओं की मदद से गरीबों तक पहुँचने में मध्यस्थ बनना यही हसमुख पटेल का उद्देश्य था.

**पुरस्कार और सम्मान:**
अशोक गोंदिया पुरस्कार
अनिल शाह ग्राम विकास पुरस्कार
ग्रामपुनरुत्थान पुरस्कार
ग्राम सेवा पुरस्कार
गांधियन कर्मशील अवार्ड, USA

**संपर्क विवरण:**
हसमुख बाबूभाई पटेल
संस्थापक ट्रस्टी, संवेदना ट्रस्ट
76, संकरभारती सोसायटी
अंकुर क्रॉस रोड के पास
नारणपुरा, अहमदाबाद-380013, गुजरात, भारत
मो: +919427303760
ई: shramikseva@yahoo.com
वे: www.samvedana.net